दिनांक 28 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शराब दुकानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुंचकर मास्क नहीं लगाने वालों पर की गई कार्यवाही

भिलाईनगर / होली पर्व के मद्देनजर आज निगम प्रशासन की टीम पूरे बाजार क्षेत्र का निरीक्षण करती रही! खासकर आज भीड़भाड़ वाले क्षेत्र एवं शराब दुकानों में बिना मास्क लगाए घूमने वाले लोगों से जुर्माना वसूल किया गया! देशी एवं विदेशी शराब दुकानों में भी मास्क नहीं लगाने वालों से जुर्माना वसूल किया गया! होली की सामग्री विक्रय करने के लिए लगाए गए स्टाल पर खासी नजर रही! भिलाई निगम की टीम पूरे शहर में घूम-घूम कर मास्क नहीं लगाने वालों से जुर्माना ले रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। जो भी मास्क नहीं लगाया है उनसे अर्थदण्ड लिया जा रहा है। मार्केट एवं सार्वजनिक क्षेत्र, चौक चौराहा और गली, मोहल्लों पर निगम की मोबाइल टीम पहुंच कर कार्रवाई कर रही है। दिन में तो टीम चालानी कार्रवाई कर ही रही है इसके अलावा रात्रि में भी दुकानों एवं व्यवस्तम इलाके में निगम की टीम पहुंच रही है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में कार्रवाई की जा रही है! आज टीम ने सुपेला संडे मार्केट, आकाशगंगा सब्जी मंडी, सुपेला घड़ी चौक, गदा चौक, सेक्टर 10 रेल चौक, सेक्टर 9 चौक, वैशाली नगर गोल मार्केट, अवंती बाई चौक, पावर हाउस चिल्हर फल एवं सब्जी मंडी, ओम शांति ओम चौक इत्यादि स्थानों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया! 22 मार्च से 28 मार्च तक 2224 लोगों पर कार्यवाही करते हुए 231200 जुर्माना वसूल किया गया! टीम में दल प्रभारी प्रकाश अग्रवाल, सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर, शरद दुबे, एमएस सोरी एवं संजय वर्मा इत्यादि मौजूद रहे!